**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–22.05.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड के तीन सहित देशभर में 103 अमृत भारत स्टेशनों का किया वर्चुअल उद्घाटन, राज्यपाल ने अमृत भारत योजना को झारखंड के विकास और रोजगार सृजन के लिए बताया अहम**
2. **गिरिडीह में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने वन नेशन, वन इलेक्शन पर संगोष्ठी को किया संबोधित, कहा – बार–बार चुनाव से विकास होता है बाधित, एक साथ चुनाव भारत की जरूरत**
3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में अल्पसंख्यक विद्यालयों में निःशुल्क पुस्तक वितरण, जल संसाधन आयोग गठन के साथ 10 प्रस्तावों को मिली मंजूरी।**
4. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में 520 शैय्या वाले आदिवासी छात्रावास की रखी आधारशिला, कहा–छात्रों को पढ़ाई और कोचिंग की पूरी सुविधा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध ।**
5. **आई.पी.एल. क्रिकेट में आज गुजरात टाइटन्स का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा।**

**समाचार विस्तार से**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के तीन सहित देशभर में एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये अमृत भारत स्टेशन न केवल भारत की हजारों साल पुरानी विरासत को संरक्षित करते हैं बल्कि राज्यों में पर्यटन विकास के लिए उत्प्रेरक का काम भी करते हैं, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं। श्री मोदी ने कहा कि अमृत भारत, नमो भारत, वंदे भारत रेलगाड़ी देश की गति और प्रगति का प्रतिबिंब हैं।

इस अमृत भारत योजना में झारखंड के तीन रेलवे स्टेशन राजमहल रेलवे स्टेशन, गोविंदपुर रोड और देवघर स्थित शंकरपुर रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

*******************

**अमृत भारत स्टेशन योजना** के अंतर्गत पुनर्विकसित स्टेशनों के वर्चुअल उद्घाटन के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि झारखण्ड के तीन प्रमुख स्टेशन राजमहल, शंकरपुर और गोविंदपुर रोड अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त होकर यात्रियों को बेहतर अनुभव देंगे।। उन्होंने कहा कि झारखंड में 53,597 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जो रोजगार, पर्यटन और व्यापार में नई संभावनाएं खोलेंगी।

*******************

गिरिडीह में आयोजित वन नेशन, वन इलेक्शन संगोष्ठी में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि एक साथ चुनाव आज भारत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बार–बार चुनावों से समय और पैसे की भारी बर्बादी होती है, जिससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं।

मौके पर भाजपा विधायक नागेंद्र महतो ने भी इस विचार का समर्थन करते हुए कहा कि लगातार चुनावों के कारण सरकारी मशीनरी बाधित होती है और विकास कार्य रुक जाते हैं।

*******************

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम परमवीर चक्र से अलंकृत सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था।

*******************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला दो दिवसीय दौरे पर 25 मई की सुबह रांची पहुंचेंगे और बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद जमशेदपुर रवाना होंगे, जहां वे सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की प्लेटिनम जुबली समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद वे रांची में विभिन्न समाजों द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 10 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। इन में गैर सरकारी सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों में कक्षा 9 से 10 तक के छात्रों को निःशुल्क पाठ्य–पुस्तक और कॉपी वितरण की स्वीकृति दी गई। साथ ही कक्षा 9 से 12 के सरकारी स्कूलों में विज्ञान पत्रिका और कक्षा 11–12 के लिए प्रतियोगी पत्रिका के मुद्रण एवं वितरण को भी मंजूरी मिली। जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए झारखंड राज्य जल संसाधन आयोग के गठन को स्वीकृत किया गया। मंत्रिमंडलीय सचिव वंदना दादेल ने प्रेस वार्त्ता में स्वीकृत प्रस्तावों की जानकारी दी।

*******************

रांची के करमटोली स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 520 शैय्या वाले अनुसूचित जनजाति बहुमंजिली छात्रावास निर्माण की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को तीनों वक्त का भोजन, पढ़ाई के संसाधन और कोचिंग सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में बाबा साहब अंबेडकर के नाम पर भव्य पुस्तकालय खोलने की भी घोषणा की।

*******************

**अब कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- जमशेदपुर में पेयजल संकट और बिगड़ती कानून–व्यवस्था को लेकर विधायक सरयू राय ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर हजारों समर्थकों के साथ धरना दिया। उन्होंने मानगो पेयजल परियोजना, सफाई और सुरक्षा व्यवस्था में लगातार गिरावट के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया।
- सरायकेला–खरसावां में आदित्यपुर नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक नगर अध्यक्ष राहुल यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में संगठन को मजबूत करने और 1 जून को जयप्रकाश उद्यान में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर निर्देश दिए गए।
- धनबाद में आईआईटी आइएसएम द्वारा दूरसंचार एवं सूचना समाज दिवस मनाया गया जिसमें डिजिटल विभाजन को पाटने पर जोर दिया गया। इस मौके पर प्रोफेसर विश्वजीत पोल ने बताया कि दुनिया के 2.6 अरब लोग अब भी इंटरनेट सेवाओं से वंचित हैं, जिनमें अधिकांश महिलाएं और लड़कियां शामिल हैं।

*******************

आई.पी.एल. क्रिकेट में आज गुजरात टाइटन्स का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। ये मैच शाम साढ़े सात बजे अहमदाबाद में खेला जाएगा ।

*************